दैनिक भास्कर
दरभंगा भास्कर 23-04-2025

कार्यक्रम • साहित्य अकादेमी और जनता कोशी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मैथिली कवि सम्मेलन हुआ

# मैथिली कवि सम्मेलन में गूंजती रही भावनाओं की कविताएं कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

भास्कर न्यूज|बिरौल

साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली और जनता कोशी महाविद्यालय, बिरौल के संयुक्त तत्वावधान में मैथिली कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए प्रसिद्ध मैथिली कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उद्घाटन सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। स्वागत भाषण साहित्य अकादेमी की मैथिली परामर्श मंडल की सदस्य नीता झा ने दिया। अध्यक्षीय भाषण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूरज नारायण पांडे ने दिया। उन्होंने मैथिली भाषा के क्षरण पर दुख और रोष जताया। कार्यक्रम में दो सत्रों में कविता पाठ हुआ। पहले सत्र की अध्यक्षता शशिबोध मिश्र शशि ने की। इस सत्र में दिलीप कुमार झा ने 'मन के तरंग', कुमार राहुल ने 'जीवन की यात्रा', सुशांत सिंह ने 'प्रेम की पीड़ा', भास्कर ज्योति ने 'नारी शक्ति' और अब्दुल कादिर साकी ने 'मिट्टी की महक' कविता प्रस्तुत की। दूसरे सत्र की अध्यक्षता सुस्मिता पाठक ने की। इसमें मेनका मल्लिक ने 'सपनों की दुनिया', कामिनी अभिलाषा ने 'जीवन की सच्चाई', नंदिनी झा ने 'माँ की ममता' और ज्योति मिश्रा ने 'आशा की किरण' कविता सुनाई। कार्यक्रम के दौरान राजकुमार बाबू की शोधपरक पुस्तक केदारनाथ चौधरी की कृतियों का दिग्दर्शन का विमोचन डॉ. नीता झा और अन्य विद्वानों ने किया। इस आयोजन का श्रेय ज्योति भास्कर, निबंधन पदाधिकारी रोसड़ा और आर. के. दीपक, लिपिक को दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन लेखक और फिल्मी एक्टिविस्ट किसलय कुमार कृष्ण ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राम शेखर पंडित ने दिया। सभी कवियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से मिथिला की पहचान पाग, चादर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रधानाचार्य सूर्य नारायण पांडे एवं अन्य अतिथि।

### महाविद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अहम भूमिका

इस आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। डॉ. बिंदु नाथ झा, डॉ. शंभु कुमार पासवान, डॉ. शिव कुमार जी, डॉ. दिलीप जी, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. प्रियंका, डॉ. भावेश कुमार, मो. आबिद करीम, डॉ. चंदा रानी, डॉ. राधा कुमारी, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अखिलेश, डॉ. संजय कुमार, श्री क्रांति कुमार चौधरी, दीपक कुमार निराला, संजीव कुमार आचार्य, किसलय कुमार विक्रम, मो. सद्दे आलम, जफर, सुमन कुमार यादव, नारायण और अभिलाष ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। आयोजन समिति ने मैथिली साहित्य के प्रति लोगों की रुचि और उत्साह देखकर प्रसन्नता जताई। साहित्य अकादेमी और जनता कोशी महाविद्यालय ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।